## खबर संक्षेप

### रेलवे के यार्ड में मिला बाज का घायल बच्चा



**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे के रेलवे जंक्शन के यार्ड के पास बाज का घायल बच्चा मिला है। जिसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने बच्चे को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। खबरों के मुताबिक रेलवे कर्मचारी प्रबल स्वामी ने सुबह यार्ड में एक बाज का बच्चा देखा। बच्चा उड़ने में असमर्थ था और रेल पटरियों के आसपास भटक रहा था। प्रबल स्वामी ने तुरंत उड़नदस्ता प्रभारी नरेंद्र पयासी को सूचित किया। डीएफओ मयंक चांदीवाल के निर्देश पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घायल बाज को बचाकर रेंज कार्यालय सतना ले गई। वहां उसे पानी और ग्लूकोज दिया गया। इलाज के बाद सुरक्षित जगह छोड़ा प्राथमिक उपचार के बाद बाज की स्थिति में सुधार आया। एसडीओ सतना डॉ. लाल सुधाकर सिंह ने बाज की जांच की। उनकी सलाह पर वन विभाग की टीम ने बाज को एक सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

### एकेएस के विधि संकाय के स्टूडेंट्स ने की सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति भवन की यात्रा



**सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी,सतना के विधि संकाय ने शैक्षणिक यात्रा के तहत भारत के सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रपति भवन का दौरा किया। सुप्रीम कोर्ट के दौरे के दौरान छात्रों को भारत की सर्वोच्च न्यायिक संस्था की कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिला। उन्होंने कोर्ट की कार्यवाही, वकीलों की दलीलों और न्यायाधीशों की भूमिका को प्रत्यक्ष रूप से देखा।डॉ.सुधीर कुमार जैन ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को कानूनी प्रक्रियाओं और न्याय व्यवस्था की बारीकियों से अवगत कराना था। सहायक प्राध्यापक विनय कुमार पाठक ने कहा,यह अनुभव छात्रों के लिए प्रेरणा दायक रहा,जिससे उन्हें भविष्य में सिविल जज,अभियोजन अधिकारी या कानूनी सलाहकार बनने की दिशा में प्रोत्साहन मिलेगा।भारत की शासन व्यवस्था का प्रतीकयात्रा के दूसरे चरण में,विधि संकाय का दल राष्ट्रपति भवन पहुंचा,जहां छात्रों ने भारत की शासन व्यवस्था और इसके ऐतिहासिक महत्व को समझा। डॉ.संभरकर ने बताया कि राष्ट्रपति भवन का दौरा छात्रों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव था,जिसने उन्हें देश के संवैधानिक मूल्यों और नेतृत्व की महत्ता से जोड़ा। शशिकांत दुबे और प्रशांत कुमार ने छात्रों को राष्ट्रपति भवन की वास्तुकला और इसके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी।

### श्रमदान कर सहेजा जल, बैठक में बनाई रूपरेखा

**ढीमरखेड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रतिदिन जल सहेजने को लेकर गतिविधियां आयोजित की जा रही है। ढीमरखेड़ा के धरवारा सेक्टर के कुसेरा गांव में जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ कुसेरा के पुतरिया नाले में श्रमदान कर साफ सफाई किया। पानी के रिसाव वाले स्थान पर खुदाई करते हुए जल का एकत्रीकरण किया और स्थल की सफाई की। सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने बताया कि जंगल के बीच में बने नाले में बारिश के समय जंगल का पानी आकर रुकता है। यहाँ मवेशियों और जंगली जानवरों के पानी पीने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा ढीमरखेड़ा विकासखंड की नवांकुर संस्था इमलिया के द्वारा प्रस्तावित आदर्श ग्राम में बैठक कर लोगों के साथ आगामी श्रमदान कार्य करने हेतु योजना तैयार किया।

# पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## केंद्र सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग




**मैहर।**

मैहर घंटाघर चौक में कांग्रेस सेवा दल द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेश घई सेवादल जिला अध्यक्ष के अरुण तनय मिश्र वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव प्रसाद चौरसिया पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष मनीष तिवारी सहित कांग्रेस जनों की उपस्थिति में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले में शहीद हुए 27 भारतीय नागरिक और जवानों को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि यह आतंकी हमला न केवल एक कायराना कृत है बल्कि यह भारत की एकता अखंडता और शांति के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है।अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र कहा कि हमले में शहीद हुए, उनके बलिदान को कभी नहीं बुलाया जा सकेगा पूरा देश इस संकट की घड़ी में एकजुट है और केंद्र सरकार के साथ मजबूती से खड़े हैं। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार भारत विरोधी ताकते और आतंकी संगठनों को नष्ट नाबूत करने के लिए तत्काल और कठोर कार्रवाई करें।केशव प्रसाद चौरसिया ने कहा कि पाकिस्तान से प्रायोजित आतंकवाद और इसे सहयोग प्राप्त संगठनों का एकमात्र उद्देश्य भारत में अशांति और भाई का माहौल पैदा करना है। मनीष तिवारी ने कहा कि पहलगाम का हमला मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध है।पहलगाम में हुए इस हमले ने न केवल हमारे जवानों और नागरिकों की जान ली बल्कि यह देश की सुरक्षा और संप्रभुता पर भी एक गंभीर प्रहार है। कांग्रेस पार्टी देश की सुरक्षा और शांति के लिए हमेशा सरकार के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। इस अवसर पर अखिल मिश्रा,रजनीश शर्मा,अखंड प्रताप सिंह,ऋषिकेश पांडे,मुकेश सेन,सुषमा अर्जरिया,जनक दुलारी शुक्ला, जितेंद्र कुशवाहा,पंकज कुशवाहा,सुनील कोरी,राजेंद्र शर्मा,अभिषेक सेन,अंकित सेन,शिवम पांडे, बृजभान चौरसिया,किशन द्विवेदी,रतन सेन,मुमताज,मोहम्मद, महेंद्र रजक,अश्वनी द्विवेदी,उमाशंकर तिवारी,परशुराम उरमलिया, रविनंदन प्रजापति,अरुण कुशवाहा,साधु लाल कुशवाहा सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### किया गया पुतला दहन

घंटाघर में पुलवामा में हुए आतंकी हमले के विरोध मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने आतंकवादियों का पुतला दहन किया और मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इस मौके पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,पार्षद रवि सराफ,अशोक चौबे,कैलाश गौतम, सनद गौतम,सत्यभान पटेल,विकास तिवारी,प्रिंस शर्मा,मोनिका बर्मा,देवेंदर पाण्डेय,अम्बुज द्विवेदी,रिटा आहूजा,भक्ति शर्मा,सहित काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।





## केंद्र सरकार पाक और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तो आंदोलन उग्र होगा

### विहिप के जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता ने कहा-पूरा देश खड़ा होगा, हिंदू राष्ट्र का शंखनाद होगा

**सतना।**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 निहत्थे सैलानियों को चुनचुन कर मारे जाने की घटना के विरोध में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मसाल जुलूस निकालकर शहर के जय स्तंभ चौक इलाके में पाकिस्तान का पुतला जलाया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान परिषद के जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता ने कहा कि आतंकवादियों ने जात पूछ-पूछ कर 26 लोगों की हत्या की। जिससे पूरा देश आक्रोशित है। पूरा देश आज सड़क पर उतर आया है। पाकिस्तान का चारों तरफ विरोध हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला जलाया गया है। केंद्र सरकार अगर पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं करती है तो आंदोलन उग्र होगा। पूरा देश खड़ा होगा। हिंदू राष्ट्र का शंखनाद होगा।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर छेड़छाड़ और धमकाने के आरोप

### पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा-महिला ब्लैकमेल कर रही

**सतना।**

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा पर एक महिला से छेड़छाड़ और मानसिक प्रताड़ित करने के आरोप लगे हैं। महिला ने गुरुवार को कोलगवां थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं,शर्मा का कहना है कि महिला उन्हें ब्लैकमेल कर रही है। उन्हें बदनाम करने की साजिश की जा रही है। महिला का आरोप है कि पूर्व जिलाध्यक्ष ने चाय पीने के बहाने घर में घुसकर जबरदस्ती की कोशिश की थी। विरोध करने पर धमकाया। पिछले 4 साल से लगातार धमकियां दे रहे हैं। भाजपा नेता कहता है-मेरी सरकार है,मेरी सत्ता है,मेरे ही लोग बैठे हैं,मेरा कुछ नहीं होगा और तुम जैसियों की लाश जंगल में कटी मिलती है। छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपी ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। कई बार उसे घर आकर धमकाया। महिला का कहना है कि इस बात के गवाह उसके बच्चे हैं। सतीश शर्मा की वॉट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट्स वायरल हो रहे हैं। इसमें उनकी तरफ से पीड़िता को मैसेज किए गए हैं। दोनों की एक सेल्फी भी वायरल हो रही है,जिसे लेकर शर्मा का कहना है कि ये सेल्फी पत्रकारवार्ता के बाद खींची थी।

#### महिला से उधार दिए रुपए मांगे तो ब्लैकमेल करने लगी

सतीश शर्मा ने कहा,2023 में जब मैं जिलाध्यक्ष था, उस दौरान पार्टी कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान मेरी मुलाकात महिला से हुई थी। इसके बाद एक दिन उसका फोन आया कि उसका आपरेशन होना है,मदद की जरूरत है। मैंने अपने मित्र से 25 हजार रुपए उधार दिला दिए। कई महीने बाद जब रुपए वापस मांगे तो उसने कहा-मैं पत्रकार हूं,महिला हूं,फंसा दूंगी।

#### पहले भी विवादों में घिरे

पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा इससे पहले भी अश्लील चैटिंग की वजह से सुर्खियों में रहे हैं। पार्टी की एक महिला कार्यकर्ता से वॉट्सएप पर उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा,राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। महिला कार्यकर्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में शर्मा पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था,लेकिन न तो पुलिस में शिकायत की और न ही किसी अन्य फोरम में मामला उठाया।

## हम भी कलम के साथ बंदूक चला सकते हैं: बजाज

**सतना।** रीवा संभाग में आए दिन पत्रकारों पर हो रहे जानलेवा हमलों एवं फर्जी मुकद्दमों को बहुत सह लिया,जरूरत पड़ी तो हम भी कलम के साथ बंदूक चलाने पर मजबूर हो जाएंगे और पुलिस के फर्जी मुकद्दमों के खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे। उक्त बातें जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को ज्ञापन देते वक्त भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव राजकुमार बजाज ने कही,प्रभारी मंत्री ने आश्वस्त किया कि हम पत्रकारों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।



## मिलीभगत से चल रहा था अवैध उत्खनन रेंजर ने पकड़ा, ट्रक जब्त

### परसमनिया चौकी में खड़ा कराया गया जब्तशुदा वाहन

**सतना।**




नागौद वनपरिक्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। नागौद क्षेत्र के रेंजर द्वारा गस्त के दौरान 16 चका ट्रक में खनिज माफियाओं द्वारा बगैर टीपी,लायल्टी अदा किये बिना अवैध रूप से खनिज परिवहन किये जाने की सूचना पर दबिश देकर वाहन को जब्त कर लिया गया। बताया गया है कि वन परिक्षेत्र स्थित ककरा खदान से अवैध रूप से उत्खनन किया जाकर ट्रक पर खनिज लोड किया जा रहा था। रेंजर द्वारा पकड़े गये 16 चका ट्रक को फिलहाल परसमनिया चौकी में खड़ा करवा दिया गया है। वन विभाग द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अवैध उत्खनन एवं परिवहन का प्रकरण पंजीबद्ध कर डीएफओ एवं कलेक्टर की ओर भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। यहां उल्लेखनीय है कि वन क्षेत्र की भूमि में वन विभाग एवं कलेक्टर की अनुमति के बगैर न तो कोई खदान लगायी जा सकती है,और न ही खनिज उत्खनन का कार्य किया जा सकता है। ककरा खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। मुखबिरों एवं वन विभाग के कर्मचारियों से मिली सूचना के आधार पर रेंजर ने कार्यवाही की।

## गर्मी में गौशालाओं की हालत गंभीर, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**मैहर।**



स्वामी नीलकंठ गौशाला बरही की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शासन के नियमानुसार गौशालाओं की देख रेख नही किये जाने के कारण गौ माताओं की हड्डी पसली फोटो में साफ देख जा सकती है। इसका प्रमुख कारण है कि भूख व प्यास से इस भीषण गर्मी में बाहर बाड़े में छोड़ जिम्मेदार गायब हो जाते हैं और भूख प्यास से बिलखती गौ माताएं धूल मिट्टी में अपनी खुराक खोजती नजर आती है। बताया जा रहा है कि शासन के द्वारा गौ माताओं के खर्चे को डबल कर दिया गया लेकिन गौशाला के समिति अध्यक्ष केवल गौ माताओं के मिलने वाले खर्चे को जरूरत मंद लोग आपस में बंदर बाट कर जाते हैं और भगवान भरोसे इस भीषण गर्मी में खुले में छोड़ दिया जाता है। सूत्र यह बताते है कि गौशालाओं के जिम्मेदारी जिन अधिकारियों को मिली है वो भी गौ माताओं के शासन से मिलने वाले खर्चे में हिस्सेदार हो गए हैं इसलिए कभी कोई देखने सुनने वाला गौशालाओं मे नहीं पहुंचता है कि की किस स्थिति मे गौशाला में गौ माताएं रह रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर गौ माताओं को मिलने वाली राशि की ज्यादा नही 60 प्रतिशत भी ईमानदारी से खर्च किया जाये तो गौ माताएं देखने योग्य हो जाएं। स्वामी नीलकंठ गौशाला बरही में गौ माताओ के साथ बच्चे भी बाहर कर चौकीदार लापता दिखा यहां पर जिम्मेदार कोई नही दिखा। बरही गौशाला में इस भीषण गर्मी में अब शासन प्रशासन को भी गौशालाओं की देख रेख में रुचि दिखानी चाहिए क्यों कि गौ माताएं न तो लिखित अपनी समस्या दे सकती है न हि कुछ बोल सकती है न ही लड़ सकती है।



## ग्रामोदय विश्वविद्यालय की सामूहिक प्रार्थना सभा

### शिक्षा,स्वास्थ्य और स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर ग्रामोदय विश्वविद्यालय : प्रो भरत

**सतना।**

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संपन्न प्रार्थना सभा में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय शिक्षा,स्वास्थ्य और स्वावलंबन की दिशा में पूरी सक्रियता के साथ अग्रसर है। उन्होंने बताया कि मूल्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येकमाह के अंतिम शुक्रवार को विद्यार्थियों और शिक्षकों की सम्पूर्ण सहभागिता के साथ प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है। इस अभिनव कार्यक्रम का संचालन और प्रस्तुतियां विद्यार्थी और शिक्षक स्वयं करते हैं। प्रार्थना सभा का संयोजन समाजकार्य के तत्वावधान में हुआ। कुलगुरु प्रो मिश्रा ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यादायिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। समाज कार्य ईकाई,कला संकाय के विद्यार्थियों नें सरस्वती वंदना, ॐ का उच्चारण और कुलगीत प्रस्तुत किया। छात्र छात्राओं की ओर से प्रस्तुत कार्यक्रम की श्रृंखला में भगवद गीता से श्लोक,भावार्थ शिव ओम त्रिपाठी प्रस्तुत किए गए। महापुरुष के जीवन से रानी दुर्गावती के व्यक्तित्व और कृतित्व पर शिवानी गुप्ता ने प्रकाश डाला। शिवानी जायसवाल ने सामाजिक मूल्यों पर आधारित जीवन शैली को बताया। प्रेम सागर पांडेय ने एकल भजन और विद्यार्थी समूह ने सामूहिक प्रेरणा गीत,भजन आदि प्रस्तुत किये। उप कुल सचिव अकादमी डॉ साधना चौरसिया ने मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रघुपति राघव राजा राम भजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिवानी जायसवाल नें किया। प्रार्थना सभा में वाद्य यंत्रों की संयुक्त प्रस्तुति डॉ विवेक फड़नीस,डॉ दादू राम श्रीवास,अवधेश ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता गण, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थियों नें सहभागिता की।

## दुरेहा में अवैध उत्खनन से लोड डंपर पलटा, कई मजदूरों के घायल होने की खबर

**सतना।**

जसो थाना क्षेत्र के दुरेहा गांव में शुक्रवार को अवैध पत्थर पटिया से लोग एक ट्रैक्टर के पलट जाने से कई मजदूरों के घायल होने का समाचार मिला है।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह डंपर दुरेहा इलाके में चल रही अवैध खदानों के संचालकों के द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। बताया जाता है कि शुक्रवार को जब अवैध रूप से पत्थर और पटिया लेकर डंपर जा रहा था तभी डंपर के चालक ने नियंत्रण को दिया और पलट गया घटना की जानकारी मिलने के बाद अवैध उत्खनन कर रहे ठेकेदार द्वारा आनन-फानन में मजदूरों को प्राइवेट अस्पतालों में ले जाया गया जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। सूत्र यह भी बताते हैं की घटना की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। खबर लिखे जाने तक विस्तृत जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है। पुलिस सूत्रों का कहना है की घटना की तहकीकात की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल जा रहे युवक को कुचला, मौके पर मौत

**छतरपुर।** बीते रोज नौगांव थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 42 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम माधौपुर निवासी ठाकुरदास पाल पिता हल्कू पाल के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शी भूपत कुशवाहा ने बताया कि ठाकुरदास पाल सब्जी लेने के लिए पैदल ग्राम वनगांय जा रहा था, तभी ट्रक क्रमांक एमपी 16 एच 0829 ने तेज रफ्तार में आते हुए उसे कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि ठाकुरदास की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर सक्रियता दिखाते हुए ट्रक को पकड़कर नौगांव पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### टंकी में डूबने से मासूम की मौत, खेलते वक्त हुआ हादसा

**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरमऊ में शनिवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बताया गया है कि यहां करीब डेढ़ वर्षीय मासूम खेलते-खेलते घर में बनी पानी की टंकी में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बच्चे सार्थक पटेल के पिता उमाशंकर पटेल ने बताया कि उनका बेटा घर के आंगन में खेल रहा था। आंगन में ही पशुओं के पीने के लिए पानी की टंकी बनी हुई थी, जिसमें खेलते समय बच्चा जा गिरा। काफी देर तक दिखाई न देने पर जब दादी ने टंकी के पास देखा तो मासूम का शव उसमें उतराता मिला। परिजन बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अधिवक्ता ने सेवाकार्य कर मनाया जन्मदिन, न्यायालय में टांगे सकोरे



**छतरपुर।** अधिवक्ता रवि पांडेय ने इस बार अपना जन्मदिन सेवाकार्य करते हुए मनाया है। उन्होंने समाज सेवियों और अधिवक्ताओं ने मिलकर न्यायालय परिसर के पेड़ों पर पक्षियों के लिए सकोर (पानी के पात्र) लगाए। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की परेशानी से राहत देना है। सकोरों में नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता रवि पांडेय के साथ हिमांशु चौरसिया, विवेक भटेले, प्रशांत सिंह भदोरिया, अभिलाष मिश्रा, विशाल सिंह और समाजसेवी दिनेश तिवारी मौजूद रहे। सभी ने इस कार्य को प्रकृति और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक बताया।

### पाकिस्तान का जनाजा निकालकर जलाया झंडा

# पहलगाम नरसंहार के विरोध में शिवसेना ने किया प्रदर्शन



**छतरपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हिंदुओं के नरसंहार को लेकर शिवसेना नगर इकाई ने पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। युवा शिवसेना जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने रैली निकालकर स्थानीय चौबे तिराहा पर पाकिस्तान का जनाजा निकाला और झंडा जलाया। प्रदर्शन के दौरान शिवसैनिकों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान की यह कायराना हरकत ह्रदय विदारक है। आतंकवाद का धर्म और मजहब दोनों होता है, क्योंकि जब धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की गई, तो उसे मुस्लिम कट्टरपंथियों की करतूत ही कहा जाएगा। मुन्ना तिवारी ने देश के गद्दारों को बाहर निकालने की मांग करते हुए कहा कि अब न आवेदन चलेगा न निवेदन, हिंदुस्तान अब दनादन करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई में शिवसेना पूरी ताकत से सरकार के साथ खड़ी है। प्रदर्शन में अजय साहू, विशेष दुबे, लोकेंद्र मिश्रा, भुमानीदीन बंसल, रत्नेश अवस्थी, लवली, मनोज दुमार सहित नगर के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने फूंका पुतला दहन



कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के विरोध में शहर में विरोध प्रदर्शन जारी है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को छत्रसाल चौराहे पर पाकिस्तान के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पाकिस्तान के पुतले को चप्पलों से पीटकर अपनी नफरत और आक्रोश का इज़हार किया। अर्चना सिंह ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय हिंदुओं को पहलगाम में मारा गया। यह घटना इतनी हिंसक थी कि हमारी रूह कांप उठी। जो महिलाएं वहां थीं, उनकी स्थिति को समझना हमारी कल्पना से बड़ा है। उन्होंने भारत सरकार से दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की और कहा कि आतंकवादियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि ऐसे कायरतापूर्ण हमलों को रोका जा सके। विरोध प्रदर्शन में विभिन्न समाजसेवी और महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आज बंद रहेगा छतरपुर, व्यापारी संगठनों ने की अपील

पहलगाम आतंकवादी हमले और हिंदुओं के नरसंहार को लेकर छतरपुर जिले के व्यापारियों में गहरी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। इस घटना के विरोध में समस्त व्यापारी संगठनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि आज 26 अप्रैल को सभी व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। व्यापारी संगठनों ने शुक्रवार शाम 6 बजे रामचरित मानस मैदान, गल्ला मंडी से बाइक रैली निकाली जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। इस दौरान व्यापारी बंधुओं से छतरपुर बंद में सहयोग की अपील की गई। उल्लेखनीय है कि आज सुबह 9 बजे गांधी चौक बाजार में एक सभा का आयोजन किया जाएगा, जहां व्यापारी आतंकवादियों द्वारा की गई अमानवीय घटना का विरोध करेंगे और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद सभी व्यापारी, राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस घटना में शामिल आतंकवादियों और इसके पीछे षड्यंत्र रचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करेंगे। समस्त व्यापारी संगठनों ने इस आंदोलन को शांतिपूर्ण और प्रभावी बनाने की अपील की है और व्यापारी बंधुओं से सहयोग का आह्वान किया है।

## राज्य मंत्री ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**डॉक्टरों की लापरवाही और अव्यवस्थाओं पर भड़के**

**छतरपुर। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही की शिकायत मिलने पर शुक्रवार दोपहर राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार अचानक निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान ओपीडी सहित कई विभागों में डॉक्टर अनुपस्थित मिले, जिस पर उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. आरपी गुप्ता को फोन कर फटकार लगाई।**

निरीक्षण के दौरान मंत्री ओपीडी, प्रसूता वार्ड, अल्ट्रासाउंड और इमरजेंसी विभाग पहुँचे। ओपीडी में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुपस्थित थे, जो मंत्री के पहुंचने के बाद पीछे से दौड़ते हुए पहुंचे। अल्ट्रासाउंड कक्ष में डॉक्टर नहीं थे, जिससे महिलाओं की लंबी कतार लगी हुई थी। मंत्री ने अस्पताल परिसर की गंदगी और भीड़भाड़ को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के सख्त निर्देश दिए।

## शिक्षक को स्कूल में दी गई विदाई, तीन दशक तक एक ही स्कूल में दी सेवा



**छतरपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगवां में शुक्रवार को विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन व्याख्याता के पद से सेवानिवृत्त हो रहे के.पी. अनुरागी के सम्मान में किया गया, जिन्होंने पूरे 31 वर्षों तक इसी विद्यालय में सेवा दी। वर्ष 1994 में इस स्कूल से उन्होंने जॉइनिंग की थी और 29 अप्रैल 2025 को यहीं से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।विदाई समारोह में प्राचार्य सुनील कुमार जैन, पूर्व प्राचार्य जीवनलाल जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.एल. प्रजापति, प्राचार्य गुणवती चौरसिया (लिधौरा), राममूर्ति यादव, नफीसा बानो, गयादीन रैकवार सहित गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि राजा, देवेंद्र अनुरागी, एडवोकेट हरेंद्र अनुरागी, शिक्षक तेजू अनुरागी, मनोज विश्वकर्मा, रघुवीर अनुरागी, मनमोहन नामदेव सहित अन्य अतिथियों ने भी शामिल होकर शिक्षक के सेवाभाव को सराहा। कार्यक्रम का संचालन नीरज जैन द्वारा किया गया। सभी ने के.पी. अनुरागी के समर्पण और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कियोस्क बैंक में नकली नोट जमा करने पहुंचा युवक

### ग्राहक नोट छोड़कर फरार, पुलिस जांच में जुटी



**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित सटई रोड पर संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा की कियोस्क शाखा में शुक्रवार सुबह नकली नोट मिलने से हड़कंप मच गया। बैंक में एक व्यक्ति 50-50 के नोटों की गड्डी लेकर जमा कराने पहुंचा, लेकिन बैंक कर्मचारियों को शक हुआ और जब उन्होंने नोट चेक किए, तो सभी नकली निकले। मामला सामने आने पर कर्मचारी ने तुरंत पैसे जप्त कर पुलिस को सूचना दी, जबकि ग्राहक मौके से रफूचक्कर हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे प्रेमचंद पिता महादेव कुशवाहा निवासी टटम, थाना महाराजपुर 4000 रुपये लेकर बैंक पहुंचा था। वह 50 रुपये के कुल 80 नोट लेकर आया और उन्हें अपने बेटे के बैंक खाते में जमा कराने की बात कहने लगा। काउंटर पर बैठे बैंक कर्मचारी अमित साहू को नोटों की बनावट पर शक हुआ। उन्होंने जांच की तो सभी नोट नकली पाए गए। अमित साहू ने बताया कि जब उन्होंने प्रेमचंद से पैसे के बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि वह गुरुवार रात छतरपुर किसी शादी में निमंत्रण देने आया था। शादी घर में है, इसलिए खुले पैसों की जरूरत थी। इस दौरान उसने छतरपुर में ही एक रिक्शा चालक से 4000 रुपये के खुले पैसे लिए थे। इसके बाद बैंक स्टाफ ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और इसी बीच प्रेमचंद नोट वहीं छोड़कर फरार हो गया। थोड़ी देर में सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नकली नोटों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे ने बताया कि वे किसी जरूरी काम से बाहर हैं, लेकिन टीम को भेज दिया गया है। जल्द ही आरोपी की तलाश की जाएगी और यह भी जांच की जाएगी कि नोट कहां से आए और क्या इसमें किसी गिरोह का हाथ है।

## विधायक की उपस्थिति में गर्भवती महिलाओं को बांटा गया पोषण आहार



**खजुराहो। ग्राम उदयपुर में युग पुरुष स्वामी विवेकानंद एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसाइटी खजुराहो के तत्वावधान में मातृत्व संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में 350 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की थैली और साड़ी वितरित की गई।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया शामिल हुए। अभियान की अगुवाई अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू बांगड़ ने की। उनके साथ राष्ट्रीय समिति प्रभारी श्रीमती प्रेमा झवंर, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सीमा झवंर, हरिगोविंद पांडे (सोसायटी अध्यक्ष), जे.पी. शर्मा (कोषाध्यक्ष), व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रवींद्र पुरोहित, डॉ. दीपिका सोनी, डॉ. नेहा अरजरिया व डॉ. भावना सोनी ने महिलाओं की जांच की। श्रीमती मंजू बांगड़ ने कहा कि यह सेवा कार्य मातृत्व सुरक्षा और पोषण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे मानवीय प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और महिलाएं उपस्थित रहीं।



## भियांताल और सूरजपुरा में आबकारी विभाग की छापेमारी

### 188 लीटर अवैध शराब जब्त, दो प्रकरणों में मामला दर्ज, एक आरोपी फरार

**छतरपुर। जिले के राजनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भियांताल एवं सूरजपुरा में आबकारी विभाग ने बीती रात छापेमारी कर 188 लीटर अवैध देशी-विदेशी शराब जब्त की है। कार्यवाही जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन एवं सहायक आबकारी अधिकारी भीमराव वैद्य के मार्गदर्शन में की गई।**

ग्राम भियांताल में आदतन शराब तस्कर धर्मेन्द्र रैकवार के घर से 7 पेटियों में कुल 63 लीटर शराब बरामद की गई, जबकि ग्राम सूरजपुरा में खेत से 14 पेटियों में लगभग 108 लीटर शराब जब्त की गई। सूरजपुरा में तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) और 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आबकारी उपनिरीक्षक जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि जप्त शराब की कुल कीमत करीब 73 हजार रुपये है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## 551 बेटियों के जीवन में आई खुशहाली

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में हुए विवाह



**छतरपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद द्वारा मेला ग्राउंड में विशाल और भव्य आयोजन किया गया, जिसमें एक साथ 551 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। आयोजन की भव्यता और व्यवस्थाओं ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम में दूल्हा-दुल्हन पारंपरिक परिधानों में सजधजकर बारातियों के साथ विवाह स्थल पर पहुंचे। पूरी बारात बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ मेला ग्राउंड पहुंची, जहां स्वागत के लिए रंगोली, फूलों की सजावट, मंडप और मंच को बेहद सुंदर तरीके से सजाया गया था। मुख्य मंच पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में विधायक ललिता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, सीएमओ माधुरी शर्मा, पार्षदगण, समाजसेवी, नगर के गणमान्य नागरिक एवं वर-वधु पक्ष के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विवाह स्थल पर सुंदर पंडाल, भोजन व्यवस्था, संगीत मंडली सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई थीं। प्रत्येक जोड़े को सरकार द्वारा निर्धारित विवाह उपहार सामग्री और प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। विधायक ललिता यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समरसता और बेटियों को सम्मान देने की दिशा में सरकार की एक मिसाल है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों को मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं देते हुए समारोह का समापन किया गया।

## नौगांव में मारपीट मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी

**छतरपुर।** थाना नौगांव चौकी लुगासी क्षेत्र में 10 अप्रैल को एक पीड़ित फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप था कि आरोपीगण ने खेत में जाते समय ग्राम सडेरी विद्यालय के पास उससे जबरदस्ती पैसे की मांग की और न देने पर मारपीट की। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया था। पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपीगण की तलाश शुरू की और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपीगण में कृष्ण पाल सिंह बुंदेला उर्फ केपी सिंह पिता राम सिंह, निवासी ग्राम ईशान, थाना लिधौरा, जिला टीकमगढ़ और कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ भूरे राजा पिता चरण सिंह, निवासी ग्राम सडेरी, थाना नौगांव शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्यवाही में एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह, चौकी प्रभारी लुगासी उपनिरीक्षक ओशो गुप्ता, आरक्षक धर्मेंद्र विश्वकर्मा और सोनू यादव की अहम भूमिका रही।



